FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य दिनाँक 15-02-2025 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा शातिर हिस्ट्री शीटर अभियुक्त राहुल उर्फ कन्हैया को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर , 02 खोखा कारतूस ,02 जिंदा कारतूस, एक मोटर साइकिल बरामद।**
- **अभियुक्त पर दर्ज है एक दर्जन से अधिक अभियोग .....**

दिनांक 26-09-2024 को वादी की तहरीर के आधार पर चौथ बसूली के सम्बन्ध में थाना नगला खंगर पर मु0अ0सं0 111/2024 धारा 308(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

चौथ बसूली की घटना के सम्बंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 15-02-2025 को अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्त की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना नगला खंगर पुलिस टीम को मुखबिर खास ने सूचना दी कि थाना नगला खंगर पर पंजीकृत अभियोग 111/2024 में वांछित अभियुक्त मोटरसाइकिल से सिरसागंज से भदान होते हुए इटावा की ओर जाने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा ग्राम गडिया पंचवटी अण्डरपास लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पास सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। सिरसागंज की ओर से एक मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने लगा जिससे हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा की गयी फायरिंग में उक्त व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान राहुल उर्फ कन्हैया पुत्र सियाराम यादव निवासी नगला धनपाल के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. राहुल उर्फ कन्हैया पुत्र सियाराम यादव निवासी नगला धनपाल थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी का दिनाँक, व स्थान---

15-02-2025 ग्राम गडिया पंचवटी अण्डर पास लखनऊ एक्सप्रेस-वे जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस
3. 02 खोखा कारतूस।
4. 01 मोटर साइकिल।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण-

01- मु0अ0सं0-01/21 धारा 307 भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
02- मु0अ0सं0-03/21 धारा 411,420 भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
03- मु0अ0सं0-38/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
04- मु0अ0सं0-41/18 धारा 324 भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
05- मु0अ0सं0-48/18 धारा 174(ए) भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
06- मु0अ0सं0-97/24 धारा 333,351(2),352 भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
07- मु0अ0सं0-111/24 धारा 308(5) बीएनएस थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
08- मु0अ0सं0-186/17 धारा 392 भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
09- मु0अ0सं0-190/22 धारा 2/3 गिरोहबन्ध अधि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
10- मु0अ0सं0-209/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट भादवि0 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
11- मु0अ0सं0-565/16 धारा 394 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
12- मु0अ0सं0-622/16 धारा 307 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
13- मु0अ0सं0-626/16 धारा 392,411 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
14- मु0अ0सं0-647/16 धारा 307 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
15- मु0अ0सं0-648/16 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
16- मु0अ0सं0-998/16 धारा 2/3 गिरोहबन्ध अधि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक गिरीश कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 अंकुर कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 आकाश किरण थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 लक्ष्मण सिंह थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
6. क0 सुमित कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।